भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग,श्यामला हिल्स रोड,भोपाल
Website:www.bsg.net, E_mail bsgmadhypradesh@gmail.com phone no. 2661263, Fax:2737446

क्रमांक/ 1302 /रा0मु0/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 15/6/2017

प्रति,

1. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आदिवासी विकास
   पदेन जिला मुख्य आयुक्त जिला ....(म0प्र0) ।
2. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय कार्यालय ....(म0प्र0) ।

विषय :–राष्ट्रपति अवार्ड हेतु पंजीयन फार्म की पूर्ति हेतु नवीन मार्गदर्शिका 2017–18 भेजने बाबत्।

सन्दर्भ :– राज्य मुख्यालय भोपाल का पत्र क्र0/863/रामु/युवा/2017 भोपाल, 19/5/2017

–0–

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें जिसमें राष्ट्रपति अवार्ड हेतु स्काउट–गाइड, रोवर–रेंजर के पंजीयन फार्म भेजते हुये निर्देशित किया गया है कि पंजीयन फार्म की समस्त पूर्ति कर दिनांक 30 जून 2017 तक राज्य.मुख्यालय भेजे ताकि पंजीयन फार्म परीक्षण कर राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली को भेजे जा सकेगें ।

राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली का पत्र क्रमांक 68 दिनांक 6 जून 2017 द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये है कि प्रत्येक दल अपने पंजीयन फार्म क्रमशः जिला, संभाग के माध्यम से राज्य मुख्यालय को प्रेषित करें । जहाँ पर पत्येक स्तर पर पंजीयन फार्म के परीक्षण पश्चात् अग्रेषित किये जाते है ।

अतः राष्ट्रीय स्तर प्राप्त आवेदन में कोई कमी होने पर यदि अस्वीकृत किये जाते है तो रियात हेतु किसी प्रकार से पंजीयन फाम्र स्वीकार नहीं किये जायेगें । पंजीयन फार्म की जांच हेतु निर्देशिका संलग्न है । जिसका अनिवार्य रूप से पालन करें ।

संलग्न – मार्गदर्शिका

राज्य सचिव,
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0/ 1303 /रा0मु0/युवा कार्यक्रम/2017–18 भोपाल, दिनांक 15/6/2017

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु–

1. संचालक, भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली ।
2. सहायक संचालक (प0क्षे0) भारत स्काउट एवं गाइड पश्चिम क्षेत्रीय मुख्यालय गदपुरी जिला पलवल (हरियाणा) ।
3. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग ....(म0प्र0) ।
4. संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास................. ..(म0प्र0) ।
5. जिला सचिव/संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्का0/गा0) जिला ....(म0प्र0) ।

राज्य सचिव,
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग,श्यामला हिल्स रोड,भोपाल
Website:www.bsg.net, E_mail bsgmadhypradesh@gmail.com phone no. 2661263, Fax:2737446

राष्ट्रपति अवार्ड पंजीयन फार्म की पूर्ति हेतु निर्देशिका

1. राष्ट्रपति अवार्ड पंजीयन फार्म भारत स्काउट एवं गाइड के बेवसाइट पर उपलब्ध है एक प्रति सन्दर्भित पत्र द्वारा आपकी ओर संलग्न कर प्रेषित की गई है ।
2. पंजीयन फार्म बेवसाइट पर निःशुल्क उपलब्ध है जिसका कोई शुल्क देय नहीं होगा पंजीयन फार्म को 4 प्रतियों में भरे ।
3. राज्य मुख्यालय को 3 प्रतियॉ प्रेषित करें ।
4. राष्ट्रपति अवार्ड जांच शिविर क्षेत्र स्तरीय आयोजित किये जावेगें, जो प्रशिक्षण केन्द्र पर टेन्ट में आवासीय होगें ।
5. यूनिट लीडर न्यूनतम एडवांस प्रशिक्षण प्राप्त एवं वैद्य वारंटधारी हो । रोवर–रेंजर लीडर बेसिक भी स्वीकार किये जावेगें ।
6. एक दल से 25 प्रतिशत सदस्यों के पंजीयन फार्म स्वीकार किये जावेगे ।
7. प्रत्येक स्तर पूर्ण करने की तिथि व्यक्तिगत जांच पत्र के अनुसार अंकित की जावे जो प्रमाणिकरण के समय व्यक्तिगत प्रगति टेस्टकार्ड को प्रस्तुत करना होगा ।
8. राज्य पुरस्कार/निपुण की तिथि जांच शिविर की अन्तिम दिवस की तिथि अंकित की जावें ।
9. राष्ट्रपति अवार्ड जांच शिविर में तृतीय सोपान/राज्य पुरस्कार स्तर तक की स्काउट–गाइड कला की भी जांच की जायेगी ।
10. रोवर–रेंजर विश्व संबंधी विषय की लॉगबुक जांच शिविर के समय प्रस्तुत करेगें ।
11. दक्षता बैज जिले के स्वतंत्र परीक्षकों से परीक्षण पश्चात् राज्य स्तर पर जांच शिविर में पुनः परीक्षण किया जायेगा एवं यूनिट लीडर स्वय के स्काउट–गाइड के प्रशिक्षक नही होगें ।
12. राष्ट्रपति अवार्ड की समस्त जांच व दक्षता बैजों का जांच शिविर में पुनः परीक्षण होगा ।
13. समस्त परीक्षकों की आवश्यक सामग्री प्रतिभागी को लाना अनिवार्य है ।
14. सेवा सर्विस प्रोजेक्ट की अवधि कम से कम 6 माह अनिवार्यतः होनी चाहिये ।

राज्य सचिव,
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

F:\S.O.C _S\soc(s)\Rasthpati Camp\2017-18\rashtrapati award form guide line NEW.docx/sahu-2